विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक संख्या-1928/एस०एफ०सी०एम० सैल/लखनऊ, दिनांकित 28.02.2026 के अनुपालन में परिवार न्यायालय, अमरोहा में एक पद पर परामर्शदाता की नियुक्ति किये जाने हेतु प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने हैं, जिसके लिए अर्हता निम्नवत है:-

1. अर्ह व्यक्ति समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का अनुभव हो, जो व्यक्ति सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउंसलिंग में दो वर्ष का अनुभव हो उसे वरीयता दी जायेगी।

2. विज्ञापन के समय परामर्शदाता (काउन्सलर) की आयु 35 वर्ष से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

3. परामर्शदाता का कार्यकाल प्रारम्भ में तीन वर्ष का होगा। माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर तीन वर्ष के लिए उनके नाम पर पुर्नविचार किया जा सकता है।

4. परामर्शदाता के पद पर शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रुपये 1,000/- प्रति कार्य दिवस अथवा रुपये 24,000/- प्रतिमाह जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।

आवेदन पत्र का प्रारुप जनपद न्यायालय, अमरोहा की आधिकारिक बेबसाइट www.amroha.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित दिनांक 31.03.2026 तक कार्यालय, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, अमरोहा में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रुप से प्रेषित कर सकते हैं।

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
जनपद अमरोहा।

प्रतिलिपि:-

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद अमरोहा को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त आदेश की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन जनपद न्यायालय, अमरोहा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

2. जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा को स्थानीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशन हेतु।

3. सिस्टम अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग जनपद अमरोहा को इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद अमरोहा व माननीय उच्च न्यायालय की बेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

Choudhary
16-03-26

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
जनपद अमरोहा।

प्रधान न्यायाधीश
जे०पी० नगर (अमरोहा)

परिवार न्यायालय, अमरोहा में परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में आवेदन पत्र का प्रारुप

1. नाम आवेदक (हिन्दी में) ....

आवेदक की नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज स्व. प्रमाणित फोटो

2. नाम आवेदक (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)...

3. पिता/पति का नाम...

4. जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार)...

5. आवेदक का पूरा स्थायी पता (पिन कोड सहित)...

....

6. आवेदक का पूरा वर्तमान पता (पिन कोड सहित)...

....

7. मतदाता पहचान पत्र अथवा आधार कार्ड नम्बर..

8. टेलीफोन/मोबाइल नम्बर.................................. ई-मेल..

9. आवेदक की शैक्षिक योग्यता

क्र.सं.	शैक्षिक योग्यता	चयनित विषय	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत

(संगत अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें। स्नातक एवं उससे उच्चतर स्तर पर चयनित विषय का उल्लेख करना अनिवार्य है।)

समाज सेवा का अनुभव (यदि कोई हो)...

(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

पारिवारिक काउंसलिंग का अनुभव (यदि कोई हो)

(संगत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।)

दिनांक-

स्थान-

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

पूरा नाम

पता